Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to extend intercity train (Train No. 02529) upto Bhatni Junction Railway Station in Deoria district, Uttar Pradesh -laid.

श्री रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): मैं अनुरोध करना चाहूँगा कि मेरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवरिया उत्तर प्रदेश की पूर्वी दिशा का सबसे पिछड़ा और अंतिम जिला है। देवरिया जिला मुख्यालय से गोरखपुर की दूरी 50 कि.मी. है। गोरखपुर से प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक यात्रियों कि सुविधा के लिए प्रतिदिन एक इंटर सिटी ट्रेन (02529) जाती है और शाम को (02530) वापस आती है। इससे गोरखपुर और लखनऊ के बीच के लगभग 7 जिलों की जनता इस सुविधा से लाभान्वित होती है और अपने कार्यों से सम्बंधित इस सुविधा का लाभ उठाती है केवल 1 जिला देवरिया इस सुविधा से वंचित रह जाता है।

अत: मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि इस इंटर सिटी ट्रेन (02529) को देवरिया जिला के भटनी जंक्शन जो बिहार का बार्डर है, तक बढ़ाया जाये जिसकी दूरी गोरखपुर जिले से 70 कि.मी. है। जिससे इसकी सुविधा देवरिया के लोगों को भी मिल सके जो इस से वंचित रह जाते है। लखनऊ राजधानी से प्रशासनिक तथा चिकित्सक कार्यों से जाने वाले लोग जो इस सुविधा से वंचित रह जाते है, उनको भी इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा ।